# Rajasthan SET

## Previous Year Paper
(Hind) 26 Mar, 2023

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

Test. Analyze. Improve. Repeat.

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime — built only for mock tests.

**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500% Refund** on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Job Alerts** Stay Updated

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas

**All India Rankings**
Compete with lakhs.
Rank. Improve. Repeat.

Adda247 test prime

Rating | Editors' choice | New

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed

DOWNLOAD THE APP

Adda247 GET IT ON Google Play



**51.** 'आग का दरिया' किसकी रचना है ?
(A) कुर्तुल एन. हैदर (B) इस्मत चुगताई
(C) नासिरा शर्मा (D) कमलेश्वर

**52.** 'विभावानुभावसंचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' भरतमुनि के इस कथन के अंतर्गत निष्पत्ति का भट्टलोल्लट के मत में अर्थ क्या है?
(A) 'अभिव्यक्ति' (B) 'अनुमिति'
(C) 'उत्पत्ति' (D) 'भुक्ति'

**53.** 'माटी की मूरतें' किसकी रचना है ?
(A) महादेवी वर्मा (B) रामवृक्ष बेनीपुरी
(C) शिवपूजन सहाय (D) विवेकी राय

**54.** आदिकाल को बीज वपनकाल नाम किसने दिया?
(A) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(B) राहुल सांकृत्यायन
(C) मिश्रबंधु
(D) डॉ. गणपति चंद्रगुप्त

**55.** अष्टछाप के कवियों में नहीं हैं
(A) नंददास (B) गोविन्द स्वामी
(C) चतुर्भुजदास (D) हित हरिवंश

**56.** 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ, जिससे उथल-पुथल मच जाये' – किसकी पंक्ति है ?
(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(B) माखनलाल चतुर्वेदी
(C) सुभद्राकुमारी चौहान
(D) निराला

**57.** 'तीसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है
(A) सन् 1943 (B) सन् 1951
(C) सन् 1953 (D) सन् 1959

**58.** रघुवीर सहाय की रचना नहीं है
(A) आत्महत्या के विरुद्ध
(B) हँसो हँसो, जल्दी हँसो
(C) खूँटियों पर टँगे लोग
(D) लोग भूल गये हैं

**59.** 'कोणार्क' नाटक के रचनाकार हैं
(A) उपेन्द्रनाथ अश्क
(B) जगदीशचंद्र माथुर
(C) धर्मवीर भारती
(D) मोहन राकेश

**60.** विलोम किस नाटक का एक पात्र है ?
(A) आषाढ़ का एक दिन
(B) लहरों के राजहंस
(C) आधे-अधूरे
(D) अंधायुग

**61.** हजारीप्रसाद द्विवेदी का पहला उपन्यास है
(A) अनामदास का पोथा
(B) पुनर्नवा
(C) बाणभट्ट की आत्मकथा
(D) चारु चंद्रलेखा

**62.** 'शिवपालगंज' गाँव किस उपन्यास की कथाभूमि है ?
(A) धरती धन न अपना (B) राग दरबारी
(C) बलचनमा (D) मैला आँचल

**63.** इनमें मृदुला गर्ग का उपन्यास नहीं है
(A) जिंदगीनामा
(B) उसके हिस्से की धूप
(C) चित्तकोबरा
(D) मैं और मैं

**64.** 'शिरीष के फूल' के निबंधकार हैं
(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी (B) हरिशंकर परसाई
(C) विद्यानिवास मिश्र (D) कुबेरनाथ राय

**65.** प्रकाशन वर्ष (कालक्रम) के अनुसार सही क्रम कौन सा है ?
(A) राग दरबारी/तमस/मैला आँचल/झूठा सच
(B) झूठा सच/राग दरबारी/तमस/मैला आँचल
(C) झूठा सच/मैला आँचल/राग दरबारी/तमस
(D) मैला आँचल/झूठा सच/राग दरबारी/तमस

**66.** 'मुक्तिपर्व' के उपन्यासकार कौन हैं ?
(A) जयप्रकाश कर्दम
(B) मोहनदास नैमिशराय
(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(D) सुशीला टाँकभौरे

**67.** हीरा डोम द्वारा लिखित 'अछूत की शिकायत' शीर्षक कविता जो सरस्वती पत्रिका में छपी थी, किस भाषा/बोली में लिखी गई थी ?
(A) हिन्दी (B) भोजपुरी
(C) छत्तीसगढ़ी (D) ब्रज

Adda247
GET IT ON Google Play

68. 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' के लेखक हैं
(A) तुलसीराम
(B) सूरज बड़तिया
(C) मलखानसिंह
(D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

69. 'बुद्ध बारूद और पहाड़' यात्रावृतांत के लेखक कौन हैं ?
(A) नासिरा शर्मा (B) मधु कांकरिया
(C) पद्मा सचदेव (D) इन्दु जैन

70. 'शेखर – एक जीवनी' कौन सी साहित्यिक विधा है ?
(A) कहानी (B) उपन्यास
(C) जीवनी (D) रेखाचित्र

71. रांगेय राघव द्वारा लिखित रिपोर्ताज है
(A) लक्ष्मीपुरा
(B) प्लॉट का मोर्चा
(C) तूफ़ानों के बीच
(D) ऋणजल–धनजल

72. 'एक साहित्यिक की डायरी' के लेखक कौन हैं?
(A) मुक्तिबोध (B) रघुवीर सहाय
(C) रवीन्द्र कालिया (D) श्रीराम शर्मा

73. निम्नलिखित में से प्रवासी साहित्यकार हैं
(A) अंजना संधीर (B) जय वर्मा
(C) जयप्रकाश कर्दम (D) कृष्णा सोबती

74. समास बहुलता, द्वित्त्व, रेफ एवं 'ट' वर्णों का बाहुल्य किस गुणयुक्त रचना में होता है ?
(A) ओज (B) प्रसाद
(C) माधुर्य (D) सभी

75. काव्य में बिम्ब का कार्य है
(A) काव्यार्थ को पूर्णतया स्पष्ट करना
(B) भाव को संप्रेषित एवं उत्तेजित करना
(C) वस्तु या घटना को प्रत्यक्ष करना
(D) उक्त सभी

76. क्रोचे ने सहजानुभूति का संबंध किस वाद से स्थापित किया है ?
(A) जादुई यथार्थवाद (B) मनोविश्लेषणवाद
(C) प्रगतिवाद (D) अभिव्यंजनावाद

77. "झम-झम झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के
छम-छम छम-छम गिरती बूँदें तरुओं से छन के।"
इन काव्य-पंक्तियों में कौन सा बिम्ब है ?
(A) स्पर्श (B) घ्राण
(C) दृश्य (D) श्रव्य

78. 'द सेक्रेड वुड' किसकी रचना है ?
(A) टी.एस. इलियट (B) एज़रा पाउन्ड
(C) आई.ए. रिचर्ड्स (D) क्रोचे

79. फोर्ट विलियम कॉलेज के सबसे पहले प्रिंसीपल कौन थे ?
(A) लॉर्ड वेलेज़ली
(B) जॉन गिलक्राइस्ट
(C) फोर्ट विलियम
(D) इनमें से कोई नहीं

80. वक्रोक्ति संप्रदाय के प्रवर्तक कौन थे ?
(A) आचार्य भामह
(B) आचार्य कुंतक
(C) आचार्य विश्वनाथ
(D) पंडितराज जगन्नाथ

81. रांगेय राघव का कौन सा उपन्यास जीवनीपरक उपन्यास है ?
(A) लोई का ताना (B) धरती मेरा घर
(C) राई का पर्वत (D) सभी

82. जीवनीपरक उपन्यास नहीं है
(A) मानस का हंस (B) खंजन नयन
(C) देवकी का बेटा (D) मुर्दों का टीला

83. 'आँखों की दहलीज' की रचनाकार है
(A) मृदुला गर्ग (B) उषा प्रियंवदा
(C) मेहरुन्निसा परवेज (D) नासिरा शर्मा

84. कालक्रम के अनुसार सही क्रम कौन सा है ?
(A) हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, विवेकी राय, नामवर सिंह, कुबेरनाथ राय
(B) नामवर सिंह, कुबेरनाथ राय, हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, विवेकी राय
(C) कुबेरनाथ राय, हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, विवेकी राय, नामवर सिंह
(D) विवेकी राय, हज़ारीप्रसाद द्विवेदी, कुबेरनाथ राय, नामवर सिंह

Adda247 GET IT ON Google Play

85. निम्नलिखित में कौन सी रचना आत्मकथा है ?
(A) संस्कृति के चार अध्याय
(B) आप हुदरी
(C) आवारा मसीहा
(D) प्रेमचंद घर में

86. यह पुस्तक मेरी है और वह तुम्हारी। वाक्य में यह और वह कौन सी व्याकरणगत इकाइयाँ हैं ?
(A) यह और वह दोनों ही सर्वनाम हैं।
(B) यह सार्वनामिक विशेषण है और वह संकेतवाचक(निश्चयवाचक) सर्वनाम है।
(C) यह गुणवाचक विशेषण है और वह सम्बन्धवाचक सर्वनाम है।
(D) यह और वह दोनों ही विशेषण हैं।

87. संविधान की अष्टम् सूची में नेपाली, मणिपुरी और कोंकणी भाषाएँ किस सन् में जोड़ी गई ?
(A) 1972 (B) 1982
(C) 1992 (D) 1994

88. कौन से कवि रीतिमुक्त कवि नहीं हैं ?
(A) द्विजदेव (B) भिखारीदास
(C) आलम (D) बोधा

89. आ. रामचन्द्र शुक्ल ने प्रेमाख्यान परंपरा का पहला कवि किसे माना है ?
(A) कुतुबन (B) मुल्ला दाऊद
(C) जायसी (D) इनमें से कोई नहीं

90. 'पद्मावत' में 'सांसारिकता की ओर ले जाने वाली बुद्धि का प्रतीक पात्र है
(A) नागमती (B) पद्मावती
(C) अलाउद्दीन (D) रत्नसेन

91. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' उक्ति किन आचार्य की है ?
(A) आचार्य दंडी (B) आचार्य भामह
(C) आचार्य विश्वनाथ (D) आचार्य मम्मट

92. प्रेमचंद द्वारा रचित 'महाजनी सभ्यता' साहित्य की कौन सी विधा है ?
(A) उपन्यास (B) निबंध
(C) नाटक (D) कहानी

93. जनजाति केन्द्रित उपन्यास नहीं है
(A) काला पादरी
(B) मगरी मानगढ़
(C) नरक कुण्ड में वास
(D) जो इतिहास में नहीं है

94. रामवृक्ष बेनीपुरी के 'गेहूँ और गुलाब' निबंध में गुलाब किसका प्रतीक है ?
(A) कला (B) भूख
(C) सुगंध (D) रूप

95. आ. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार हिन्दी की प्रथम कहानी है –
(A) रानी केतकी की कहानी
(B) ग्यारह वर्ष
(C) इन्दुमती
(D) दुलाईवाली

96. किस कहानी में भूख और ठंड के कारण दम तोड़ते गरीब बच्चे का मार्मिक चित्रण हुआ है ?
(A) अपना अपना भाग्य (B) परिन्दे
(C) गैंग्रीन (D) पाज़ेब

97. रामचरित मानस के उत्तरकाण्ड में किसने किससे सात प्रश्न पूछे ?
(A) नारद ने भगवान विष्णु से
(B) गरुड़ जी ने काकभुशुंडि जी से
(C) गरुड़ जी ने ऋषि लोमेश जी से
(D) काकभुशुण्डि जी ने गरुड़ जी से

98. जयशंकर प्रसाद के किस नाटक में उपनिषद काल का चित्रण है ?
(A) चंद्रगुप्त
(B) ध्रुवस्वामिनी
(C) स्कन्दगुप्त
(D) जनमेजय का नागयज्ञ

99. अंजलि और श्रीपत उपेन्द्रनाथ अश्क के किस नाटक के पात्र हैं ?
(A) स्वर्ग की झलक (B) अलग-अलग रास्ते
(C) अंजोदीदी (D) छठा बेटा

100. 'वही धन्य जो मानमयी प्रणयी के बाहुवलय में, खिंची नहीं विक्रम तरंग पर चढ़ी हुई आती है' ये पंक्तियाँ किस रचना की हैं ?
(A) कामायनी (B) उर्वशी
(C) साकेत (D) तुलसीदास

Adda247
GET IT ON Google Play

101. निम्नलिखित में से कौन सा भाषा का अभिलक्षण नहीं है ?
(A) परिवर्तनशीलता (B) पौराणिकता
(C) अनुकरण (D) यादृच्छिकता

102. 'भाषा यादृच्छिक ध्वनि प्रतीकों की व्यवस्था है' यह किसका कथन है ?
(A) डॉ. भोलानाथ तिवारी
(B) बाबूराम सक्सेना
(C) धीरेन्द्रनाथ वर्मा
(D) देवेन्द्रनाथ शर्मा

103. इनमें अर्थपरिवर्तन की दिशा कौन सी है ?
(A) अर्थसंकोच (B) अर्थविस्तार
(C) अर्थादेश (D) सभी

104. उत्क्षिप्त व्यंजन कौन सा है ?
(A) ल (B) ढ़
(C) ण (D) र

105. दंत्योष्ठ व्यंजन कौन से हैं ?
(A) प, भ (B) फ, व
(C) ध, न (D) कोई नहीं

106. डॉ. भोलानाथ तिवारी के अनुसार रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ?
(A) चार (B) पाँच
(C) सात (D) आठ

107. 'वह आया होगा' यह वाक्य का कौन सा प्रकार है ?
(A) विधानसूचक (B) आज्ञासूचक
(C) संदेहसूचक (D) इच्छासूचक

108. किस ग्रंथ में 'रीति सिद्धांत' की स्थापना की गई है ?
(A) काव्यालंकार संग्रह
(B) काव्यादर्श
(C) काव्यालंकार सूत्रवृत्ति
(D) काव्य मीमांसा

109. 'रसगंगाधर' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) मम्मट
(B) रूपगोस्वामी
(C) विश्वनाथ
(D) पंडितराज जगन्नाथ

110. 'काव्यशोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते' – अलंकार की यह परिभाषा किसने दी ?
(A) दण्डी (B) आ. भरतमुनि
(C) जगन्नाथ (D) भामह

111. निम्नलिखित में से कौन सी रचना ब्रज भाषा की नहीं है ?
(A) गीतावली (B) पार्वती मंगल
(C) कवितावली (D) विनयपत्रिका

112. प्लेटो मूल रूप से क्या थे ?
(A) कवि (B) समीक्षक
(C) दार्शनिक (D) नाट्यकार

113. 'पेरिइप्सुस' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) प्लेटो (B) अरस्तू
(C) लौंजाइनस (D) इनमें से कोई नहीं

114. 'तीव्र भावावेग की स्थिति ही आलंकारिक भाषा को जन्म देती है' – यह कथन किसका है ?
(A) कॉलरिज (B) लौंजाइनस
(C) अरस्तू (D) आई.ए. रिचर्ड्स

115. इनमें अर्धस्वर हैं :
(A) य, व (B) प, फ
(C) अ, आ (D) ए, ऐ

116. 'अपभ्रंश पुरानी हिन्दी है' इस मत के समर्थक कौन हैं ?
(A) राहुल सांकृत्यायन
(B) आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
(C) रामविलास शर्मा
(D) डॉ. नगेन्द्र

117. जैन कवियों ने कृष्णकथा को क्या कहा है ?
(A) चरितकाव्य (B) हरिवंशपुराण
(C) अग्निपुराण (D) प्रेमाख्यानक

118. मुल्ला दाऊद की रचना कौन सी है ?
(A) वर्णरत्नाकर
(B) चन्दायन
(C) खुसरो
(D) उक्तिव्यक्ति प्रकरण

Adda247
GET IT ON Google Play

119. 'सगुनहि अगुनहि नहि कछु भेदा' – किसकी पंक्ति है ?

(A) कबीर (B) जायसी
(C) तुलसी (D) रैदास

120. कबीरपंथी संप्रदाय में कबीर की रचनाएँ किस नाम से प्रसिद्ध हैं?

(A) सबद (B) साखी
(C) रमैनी (D) बीजक

121. 'लोग हैं लागि कवित्त बनावत मोहि तो मेरे कवित्त बनावत'– पंक्ति किस कवि की है ?

(A) जगन्नाथ दास रत्नाकर
(B) बोधा
(C) घनानंद
(D) पद्माकर

122. विशिष्ट व्यावसायिक भाषा का व्यावहारिक और समुचित प्रयोग किस अनुवाद की विशेषता है ?

(A) साहित्यिक अनुवाद
(B) तकनीकी अनुवाद
(C) नाट्यानुवाद
(D) सभी

123. चीफ़ की दावत किसकी कहानी है ?

(A) हरिशंकर परसाई
(B) जैनेंद्र कुमार
(C) विश्वम्भर नाथ कौशिक
(D) भीष्म साहनी

124. देश की आज़ादी के पूर्व / पश्चात् के समय हुए दंगों का चित्रण किस रचना में नहीं है ?

(A) राग दरबारी
(B) अमृतसर आ गया
(C) तमस
(D) सिक्का बदल गया

125. इनमें से कौन सूफी कवि नहीं है ?

(A) उसमान (B) कासिम शाह
(C) मंझन (D) शेख मुहम्मद

126. 'हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास' के इतिहासकार कौन हैं ?

(A) बच्चनसिंह
(B) रामकुमार वर्मा
(C) आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
(D) इनमें से कोई नहीं

127. तुलसीदास की अंतिम रचना कौन सी है ?

(A) रामचरितमानस (B) हनुमान बाहुक
(C) कवितावली (D) विनयपत्रिका

128. 'भाषा बोलि न जानहीं जिनके कुल के दास' पंक्ति के कवि कौन हैं ?

(A) केशवदास (B) मलूकदास
(C) तुलसीदास (D) घनानंद

129. बाल की खाल निकालने वाले वकीलों की थैली गरम कर उन्होंने अदालत से उस झोपड़ी पर अपना क़ब्जा कर लिया और विधवा को वहाँ से निकाल दिया। पंक्तियाँ किस कहानी की हैं ?

(A) अमृतसर आ गया
(B) सिक्का बदल गया
(C) अपना अपना भाग्य
(D) एक टोकरीभर मिट्टी

130. किस कवि ने संस्कृत को 'कूपजल' और भाखा को 'बहता नीर' कहा ?

(A) तुलसीदास (B) घनानंद
(C) कबीर (D) मीरा

131. 'अगर इस्लाम नहीं आया होता तो भी इस साहित्य का बारह आना वैसा ही होता जैसा आज है' किस आलोचक ने कहा ?

(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) रामविलास शर्मा
(D) शिवदानसिंह चौहान


132. अष्टछाप की स्थापना किसने की ?

(A) वल्लभाचार्य (B) विट्ठलनाथ
(C) परमानंददास (D) सूरदास

Test Prime By Adda247

# Previous Year Papers PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!




PDF

**Free 25,000+ PDF's**

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

**ATTEMPT AS MOCK**

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

**AVAILABLE IN**

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

**DOWNLOAD THE APP**

133. 'रासपंचाध्यायी' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) सूरदास
(B) स्वामी हरिदास
(C) नरोत्तमदास
(D) नन्ददास

134. 'संतन को कहा सीकरी सों काम' कुंभनदास ने यह उक्ति किस बादशाह से कही ?
(A) शेरशाह
(B) अकबर
(C) बाबर
(D) शाहजहाँ

135. 'घायल री गत घायल जाण्यॉं हिवड़ो अगण सँजोय' इस पंक्ति में किस भाषा का प्रयोग हुआ है ?
(A) राजस्थानी
(B) भोजपुरी
(C) ब्रज
(D) इनमें से कोई नहीं

136. 'इन मुसलमान हरिजनन पर कोटिन हिन्दुन बारिए' रसखान के विषय में यह उक्ति किसने कही है ?
(A) बद्रीनारायण चौधरी
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) भारतेन्दु
(D) विश्वनाथप्रसाद मिश्र

137. 'कविकुल कल्पतरु ' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) चिंतामणि
(B) भूषण
(C) भिखारीदास
(D) जसवंत सिंह

138. रीतिकाल को 'अलंकृत मध्यकाल' किसने कहा ?
(A) मिश्रबंधु
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) ग्रियर्सन
(D) नगेन्द्र

139. दशानन की नाभि में अमृत था । यहाँ दशानन में कौन सा समास है?
(A) द्विगु समास
(B) बहुव्रीहि समास
(C) कर्मधारय समास
(D) तत्पुरुष समास

140. अल्पप्राण तालव्य ध्वनि है
(A) ध
(B) झ
(C) ज
(D) ण

141. 'छत्तीसगढ़ी' हिंदी किस उपभाषा से सम्बंधित है?
(A) पूर्वी हिंदी
(B) पश्चिमी हिंदी
(C) पहाड़ी
(D) बिहारी

142. केशव को कठिन काव्य का प्रेत किसने कहा है ?
(A) मिश्रबंधु
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) नंददुलारे बाजपेयी
(D) हजारीप्रसाद द्विवेदी

143. 'नयी कविता के प्रतिमान' के लेखक हैं
(A) नामवरसिंह
(B) विजयदेवनारायण 'शाही'
(C) लक्ष्मीकांत वर्मा
(D) मुक्तिबोध

144. हिन्दी का पहला समाचार-पत्र कहाँ से प्रकाशित हुआ ?
(A) काशी
(B) इलाहाबाद
(C) दिल्ली
(D) कलकत्ता

145. श्रीधर पाठक किस धारा के कवि हैं ?
(A) राष्ट्रीय काव्यधारा
(B) छायावाद
(C) रहस्यवाद
(D) स्वच्छन्दतावाद

146. 'मेरे नगपति मेरे विशाल' किसकी पंक्ति है ?
(A) दिनकर
(B) नलिन विलोचन शर्मा
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

147. जहाँ कारण के अभाव में कार्य का वर्णन किया जाय वहाँ कौन सा अलंकार होता है ?
(A) असंगति
(B) विभावना
(C) अतिशयोक्ति
(D) विरोधाभास

148. निम्नलिखित में कौन सा लक्षणा शब्दशक्ति का लक्षण नहीं है?
(A) मुख्यार्थ की बाधा
(B) मुख्यार्थ का योग
(C) रूढ़ि अथवा प्रयोजन
(D) व्यंग्यार्थ की झलक

149. 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' कहानी के लेखक कौन हैं?
(A) मन्नू भंडारी
(B) राजेन्द्र यादव
(C) कमलेश्वर
(D) मोहन राकेश

150. ओज गुण का कौन सा लक्षण सही है?
(A) कोमल कांत पदावली
(B) ललित पदावली
(C) कर्णकटु शब्दों का प्रयोग
(D) प्रासादिक वर्णों का चयन